बिहार सरकार
योजना एवं विकास विभाग

पत्रांकः योस्था07/9–05/2026 /यो0वि0,पटना,दिनांक मार्च, 2026

प्रेषक,

रणजीत कुमार, भा0प्र0से0,
सरकार के अपर सचिव

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,
बिहार, पटना।

डाक एवं ई–मेल

विषयः **योजना एवं विकास विभाग अंतर्गत नवनियुक्त कनीय अभियंताओं के वार्षिक वेतनवृद्धि प्रदान करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार तकनीकी सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या–01/2019 अंतर्गत प्राप्त अनुशंसा के आलोक में योजना एवं विकास विभाग द्वारा विभिन्न विभागीय आदेशों के माध्यम से कनीय अभियंताओं की नियुक्ति की गयी है तथा कतिपय विभागीय आदेशों के माध्यम से स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्य प्रमंडलों में कनीय अभियंताओं का पदस्थापन किया गया है एवं अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति के आधार पर कनीय अभियंता की सेवा सौंपी गयी है।

इस क्रम में विभिन्न कार्यालयों से नवनियुक्त कनीय अभियंताओं के वार्षिक वेतनवृद्धि प्रदान करने हेतु विभागीय निदेश/मार्गदर्शन की अपेक्षा की गई है।

इस संबंध जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के आदेश संख्या–1174 दिनांक 07.03.2023 द्वारा निर्गत बिहार **अवर अभियंत्रण संवर्ग से संबंधित नियमावली की कंडिका–12 में स्पष्ट उल्लेख है कि अवर अभियंत्रण संवर्ग में नियुक्त कनीय अभियंता को मंत्रिमंडल सचिवालय (राजभाषा) विभाग द्वारा यथानिर्धारित हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण परीक्षा तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा यथानिर्धारित कम्प्यूटर सक्षमता जाँच परीक्षा में उत्तीर्णता के पश्चात् ही अगली वार्षिक वेतनवृद्धि अनुमान्य होगा।**

अतः निदेशानुसार जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना के आदेश संख्या–1174 दिनांक 07.03.2023 के आलोक में नवनियुक्त कनीय अभियंताओं को वार्षिक वेतनवृद्धि हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण तथा कम्प्यूटर सक्षमता जाँच परीक्षा में उत्तीर्णता के पश्चात् ही देय होगी।

विश्वासभाजन
ह0/–
(रणजीत कुमार)
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः योo स्था07 / 9–05 / 2026 / योoविo,पटना,दिनांक मार्च, 2026

प्रतिलिपिः मुख्य अभियंता, विश्वेश्वरैया भवन, बेली रोड, पटना / सभी अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ई–मेल

हo / –

सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः योo स्था07 / 9–05 / 2026 - 1282 / योoविo,पटना,दिनांक 10 मार्च, 2026

प्रतिलिपिः आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव